भाकृअनुप-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान )मानद् विश्वविद्यालय(
ICAR-National Dairy Research Institute (Deemed University)
करनाल, हरियाणा)भारत(पिन-132001
Karnal, Haryana (India). PIN-132001
स्टाफ क्लब/Staff Club

फाइल संख्या (F.No.) : गणतंत्र दिवस/2024 दिनांक (Dated) : 17.01.2024

## कार्यालय आदेश

दिनांक 16.01.2024 को जारी परिपत्र के अनुपालन में आज दिनांक 17.01.2024 को संस्थान के निदेशक एवं अध्यक्ष स्टाफ क्लब, डा. धीर सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में निदेशक महोदय ने गणतंत्र दिवस समारोह 2024 को पूर्ववत आयोजित करने के आदेश दिए। साथ ही उन्होंने गणतंत्र दिवस के अवसर पर संस्थान के कार्मिकों तथा मानद् विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के बीच एक 10-10 ओवर के क्रिकेट मैच के आयोजन करवाने की भी सलाह दी। इसके अतिरिक्त वैज्ञानिकों बनाम गैर वैज्ञानिक कार्मिकों के बीच रस्साकसी प्रतियोगिता भी आयोजित करने पर जोर दिया।

**उपरोक्त के आलोक में दोनों प्रतियोगिताओं का आयोजन गणतंत्र दिवस समारोह के तत्काल बाद संस्थान के क्रीड़ा प्रांगन में किया जाएगा। क्रिकेट मैच में सम्मिलित होने वाले इच्छुक प्रतिभागी अपना-अपना नाम श्री संदीप देशवाल, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी तथा रस्साकसी प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले प्रतिभागी अपना नाम श्री चिंरजी लाल, सहायक प्रशासनिक अधिकारी को प्रेषित करें।**

निदेशक महोदय ने सलाह दी है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान जिन प्रभागों, अनुभागों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लीक से हटकर उत्कृष्ट कार्य किए हैं वो दिनांक 19.01.2024 तक डा. ए.के.पूनिया के समक्ष अपने उत्कृष्ट कार्यों की जानकारी नाम एवं पदनाम सहित प्रेषित करें। समिति द्वारा चयनित प्रतिभागियों को जिन्होंने ने उत्तम/उत्कृष्ट कार्य किए हैं उन्हें 26.01.2024 को गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

(डा. ए.के.पूनिया)
महासचिव,
स्टाफ क्लब

प्रतिलिपि :

प्रभारी, कंप्यूटर केंद्र, राडेअनुसं, करनाल को ई-ऑफिस नोटिस बोर्ड व संस्थान की वेबसाइट पर अपलोडिंग हेतु।